01 दिसम्बर, गोरखपुर। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर के 60 वें स्थापना दिवस एवम हीरक जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवायोजना तथा गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक, गोरखपुर के सहयोग से बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ,गोरखपुर के परिसर में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने रक्तदान शिविर के आयोजन लिए मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर और राष्ट्रीय सेवायोजना को धन्यवाद किया है । साथ रक्तदाताओं द्वारा जन सेवा में किये गए रक्तदान की भूरि भूरि प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में मौजूद रक्त साफ और स्वच्छ हो जाता है, प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए, रक्तदान महादान भी है इसे सर्वोत्तम दान भी कहा गया है। वहीं डॉ अग्रवाल ने आज के शिविर में सभी रक्तदानियो को रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारियों एवं लाभ के बारे में बताया।

इसके साथ ही डॉ पी के भारती, सौरभ त्रिपाठी, अंजली जायसवाल, गुरदीप सिंह, वंशी, अर्श शुक्ला, प्रज्ञा गुप्ता, डॉ के के गोस्वामी, अरमान अली कुरैशी सहित लगभग 22 लोगों ने रक्तदान में भाग लिया।

आज के रक्तदान शिविर में में एम एम एम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति श्री जे पी पाण्डेय ने वहां उपस्थित व्यक्तियों को रक्तदान से संबंधित भ्रान्तियो को दूर करने की चेष्टा की तथा विद्यार्थियों को रक्तदान हेतु उत्प्रेरित किया एवम सभी के प्रति शुभक्मनाएँ प्रेषित की। विश्वविद्यालय के चिकित्साधिकारी डॉ ए के पाण्डेय ने रक्तदान से संबंधित अनेक जानकारिया दी तथा ब्लड बैंक के प्रति मनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के क्षात्र अध्यापक अधिकारी कर्मचारी समेत तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे

इस रक्तदान शिविर को में ब्लड बैंक टेक्निशियन श्री चंद्रेश्वर यादव, निधि नायक, संदीप यादव, सतीश कुमार, गुंजा पासवान के सहयोग से शिविर सकुशल संपन्न हुआ।

सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।